Roll No. ..................................... Total Pages: 04

# 1401

## L.L.B. (First Year) EXAMINATION, 2018
## GENERAL HINDI
## Paper-X

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

***PART – A*** *(खण्ड–अ)* *[Marks: 5×8=40]*

*Answer all questions in part A (150 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*खण्ड अ में से सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – B*** *(खण्ड – ब)* *[Marks: 4×15=60]*

*Answer any four questions (300 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

## खण्ड– अ

प्र.1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (4)

(क) (i) निम्न संधि शब्दों का विच्छेद कीजिए –

(अ) सरोज (ब) दिग्दर्शन

(स) चित्रोपम (द) भवदीय

(ii) निम्न सामासिक पदों का विग्रह कीजिए – (4)

(अ) नीलगाय (ब) सुकन्या

(स) कविपुंगव (द) बार–बार

(ख) (i) निम्न शब्दों में उपसर्ग छाँटिए – (4)

(अ) अभ्युदय (ब) अनाहूत

(स) प्रत्यक्ष (द) सूक्ति

(ii) निम्न शब्दों (प्रत्यय) में मूल शब्द छाँटिए – (4)

(अ) नचक्कड़ (ब) खिलौना

(स) छलिया (द) छुटपन

(ग) (i) निम्न तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए – (4)

(अ) ताम्र (ब) वत्स

(स) ग्रंथि (द) क्षीर

(ii) निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (4)

(अ) दो भाववाचक संज्ञाएँ लिखिए।

(ब) पुरुषवाचक सर्वनाम के दो उदाहरण लिखिए।

(स) गुणवाचक विशेषण के दो उदाहरण लिखिए।

(द) कोई दो सकर्मक क्रियाएँ लिखिए।

(घ) निम्न गद्यांश का अंग्रेजी अनुवाद कीजिए – (8)

प्रारंभ से ही प्रकृति और मनुष्य का अटूट संबंध रहा है। प्रकृति ने मानव के लिए जीवनदायक तत्त्वों को प्रदान किया। मनुष्य ने वृक्षों के फल, बीज, जड़ें आदि खाकर अपनी भूख मिटाई। इस प्रकार पेड़–पौधे हमारे मित्र ही नहीं, जीवनदाता भी हैं। पेड़–पौधे केवल हमें भोजन ही प्रदान नहीं करते हैं बल्कि ऑक्सीजन भी बाहर निकालते हैं। पृथ्वी पर हरियाली के स्त्रोत पेड़ पौधे ही हैं। मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए तथा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वनसंपदा का अंधाधुंध दोहन किया है। इस कारण प्रकृति में असंतुलन पैदा हो गया है। पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी और कार्बन डाई ऑक्साइड की बढ़ोतरी से प्रदूषण और घातक बीमारियाँ बढ़ रही हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए हमें वृक्ष काटने की बजाय वृक्ष लगाने चाहिए। हमें योजनाबद्ध तरीके से वृक्षारोपण करके वन संरक्षण करना चहिए। वन–संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है।

(ङ) निम्न गद्यांश का हिन्दी अनुवाद कीजिए। (8)

Climate change will have serious implications as numerous adverse impacts are expected in terms of access to clean water, food and ecosystem resources. By 2020, it is feared that in some African countries yields form rain fed agriculture could be reduced by up to 50%. Climate change is also likely to lead to some irreversible impacts on bio-diversity. However, it is within the reach of human society to meet these threats. We have to adapt to the climate change. It requires investment in storm protection and water supply infrastructures as well as community health services. Bringing changes in lifestyle is an important part of mitigation measures. Greater co-operative efforts are required by both developed and developing nations to stop emission of greenhouse gases. The youth of today have a huge responsibility towards creating a bright future and they obviously have a stake in it. They must pursue knowledge by which economic progress can take place without changing the environment.

## खण्ड– ब

(2) (क) निम्न शब्दों के तीन तीन पर्यायवाची लिखिए – (5)

(i) चाँदी (ii) बिजली
(iii) शेर (iv) वन
(v) घोड़ा

(ख) निम्न शब्दों के विलोम लिखिए – (5)

(i) उपकार (ii) संकल्प
(iii) सृष्टि (iv) सरस
(v) हर्ष

(ग) निम्न शब्द युग्मों के अर्थ भेद बताइए – (5)

(i) अंगना–अँगना (ii) इति–ईति
(iii) कपिश–कपीश (iv) तरणि–तरणी
(v) बान–बाण

(3) (क) निम्न वाक्यांशों के लिए एक सार्थक शब्द बताइए – (5)

(i) जो मापा न जा सके।
(ii) जहाँ जाना कठिन हो।
(iii) जिसकी तीन आँखे हैं।
(iv) जिसका सिक झुका हुआ हो।
(v) पीने की इच्छा रखने वाला।

(ख) निम्न शब्दों की सही वर्तनी लिखिए – (5)

(i) श्रंगार (ii) अभ्यारण्य

(iii) दाइत्व (iv) कवियित्री

(v) दिपावली

(ग) निम्न पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखिए – (5)

(i) Vigilance (ii) Remark

(iii) Prosecute (iv) Petition

(v) Article

(4) (क) निम्न वाक्यों का शुद्ध रूप लिखिए – (5)

(i) बजट के ऊपर बहस जरूरी है।

(ii) मेरा प्राण संकट में है।

(iii) तमाम देशभर में यह बात फैल गई।

(iv) कई कचहरी के वकील ऐसा कहते हैं।

(v) दिल्ली में चार गिरफ़्तारी हुईं।

(ख) निम्न वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए – (5)

(i) वाह आप यहाँ कैसे पधारे

(ii) सुरेश ने कहा मैं अब राजनीति से दूर जा रहा हूँ

(iii) मोहन अपनी भूमि संपत्ति प्रतिष्ठा और मान मर्यादा सभी कुछ खो बैठा

(iv) तुम तो अजीब आदमी हो

(v) आपने एम ए परीक्षा में कितने अंक प्राप्त किए

(ग) निम्न मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए– (5)

(i) रंग में भंग पड़ना।

(ii) हवा हो जाना।

(iii) खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे।

(iv) आम के आम गुठली के दाम।

(v) नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

(5) निम्न व्याकरणिक कोटियों पर टिप्पणी लिखिए– (15)

(i) लिंग (ii) वचन (iii) पुरुष

(6) निम्न पर टिप्पणी लिखिए– (15)

(i) वाच्य (ii) अविकारी शब्द (iii) काल

(7) अनुवाद की आवश्यकता एवं महत्व पर लेख लिखिए। (15)

(8) निम्न में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए– (15)

(1) भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियाँ

(2) न्यायिक सक्रियता

---